*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

ज्ञान शांति मैत्री

**जनसंपर्क विभाग-** Ph./Fax: **07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल:** mgahvpro@gmail.com

**वेबसाइट :** www.hindivishwa.org

---

# व्यक्तित्व को पहचान कर कौशल को धार दें –कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र

## हिंदी विवि में रासेयो की कार्यशाला, आरडीसी मंगेश जोशी ने किया उदघाटन

वर्धा, 10 सितंबर 2016 : जीवन का प्रत्येक क्षण महत्वपूर्ण है। समय बाधा और



अवसर दोनों पैदा करता है। ऐसे में विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने व्यक्तित्व की पहचान कर कौशल को धार दें। उक्त विचार महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना आयोजित 'व्यक्तित्व एवं कौशल विकास कार्यशाला' के उदघाटन पर मार्गदर्शन करते हुए

शुक्रवार को व्यक्त किये। कार्यशाला का उदघाटन वर्धा जिले के आवासीय उपजिलाधिकारी मंगेश जोशी ने किया। इस अवसर पर रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी डा. सुप्रिया पाठक, राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक राजेश लेहकपुरे, रासेयो के पूर्व संयोजक डा. अनवर अहमद सिद्दीकी एवं जनसंपर्क अधिकारी बी.एस.मिरगे मंचासीन थे।

कुलपति प्रो. मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों में व्यक्तित्व के विकास को बढ़ावा मिलेगा। कार्यशाला का सही उपयोग



कर समय का प्रबंधन और उसका उपयोगी इस्तेमाल करना सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में किस दिशा और क्षेत्र में आगे बढ़ना है, इसकी सीख ऐसी कार्यशालाओं से मिलती है।

13 सितंबर 13 तक चलने वाली इस कार्यशाला का उदघाटन करते हुए आरडीसी मंगेश जोशी ने कहा कि कच्चे घड़े को पक्का बनाने का कार्य इस प्रकार की कार्यशाला में किया जाता है। एनएसएस एक ऐसा मंच है जो हर विद्यार्थी के व्यक्तित्व

विकास और कौशल को पहचान कर उसको आगे बढ़ने का मौका देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्पर्धा परीक्षाओं की तैयारी कर प्रशासन में आने का आहवान करते हुए कहा कि हाल ही में वर्धा के जिलाधिकारी शैलेश नवाल ने एक योजना तैयार कर जिले के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने का कार्य आरंभ किया है। प्रत्येक महीने के प्रथम सप्ताह में हम विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देते है और उनमें से चुनिंदा विद्यार्थियों को एक




दिन प्रशासन के साथ काम करने का मौका देते है। इससे युवा विद्यार्थियों में सरकार, प्रशासन और जनता के बीच किस प्रकार कार्य किया जाता है इसका अनुभव प्राप्त होता है।

कार्यशाला में 11 सितंबर को 10.30 बजे ग्रामपयोगी विज्ञान केंद्र के कार्यकारी निदेशक डॉ. सोहम पण्डया, अनुवाद अध्ययन विभाग के डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, 13 को 11.30 बजे वर्धा जिले के पूर्व जिला समादेशक प्राध्यापक मोहन गुजरकर विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन करेंगे। कार्यशाला का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पौधा और सूत की प्रदान कर किया




गया। कार्यक्रम का प्रास्ताविक राजेश लेहकपुरे ने किया। संचालन बी. एस. मिरगे ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुप्रिया पाठक ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर रासेयो के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**व्यक्तिमत्वाला कौशल्याचे धार द्या –कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र**

**हिंदी विवित रासेयोची कार्यशाळा, आरडीसी मंगेश जोशी यांनी केले उदघाटन**

वर्धा, 10 सप्टेंबर 2016 : जीवनातील प्रत्येक क्षण महत्वाचा आहे. वेळ ही अडथळे आणि संधी दोन्ही निर्माण करते. विद्यार्थ्यांनी जीवनात पुढे जाण्यासाठी वेळेचे नियोजन आपल्या व्यक्तिमत्वाला कौशल्याची धार दिली पाहिजे असे प्रतिपादन महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाचे कुलगुरु प्रो. गिरीश्वर मिश्र यांनी केले. ते राष्ट्रीय सेवा योजना आयोजित 'व्यक्तिमत्व आणि कौशल्य विकास कार्यशाळेच्या उदघाटन प्रसंगी मार्गदर्शन करत होते. कार्यशाळेचे उदघाटन हबीब तनवीर सभागृहात शुक्रवारी वर्धा जिल्हयाचे निवासी उपजिल्हाधिकारी मंगेश जोशी यांच्या हस्ते करण्यात आले. यावेळी राष्ट्रीय सेवा योजनेचे संयोजक राजेश लेहकपुरे, रासेयोच्या कार्यक्रम अधिकारी डा. सुप्रिया पाठक, रासेयोचे माजी संयोजक डा. अनवर अहमद सिद्दीकी व जनसंपर्क अधिकारी बी.एस.मिरगे व्यासपीठावर उपस्थित होते.

13 सप्टेंबर पर्यंत आयोजित कार्यशाळेचे उदघाटक आरडीसी मंगेश जोशी यावेळी म्हणाले की अशा प्रकारच्या कार्यशाळेच्या माध्यमातून व्यक्तिमत्व विकासाला चालना मिळते आणि कच्चे मडके जसे निखा-यात टाकल्यावर तावून सुलाखून पक्के होते तसे विद्यार्थीही कार्यशाळेतून तयार होतात. स्पर्धा परीक्षांची तयारी करून प्रशासनात येण्याचे आवाहन करत ते म्हणाले की वर्धेचे जिल्हाधिकारी शैलेश नवाल यांनी जिल्ह्यातील विद्यार्थ्यांना प्रशिक्षण देण्याची योजना सुरू केली असून महिन्याच्या पहिल्या आठवडयात विद्यार्थ्यांना प्रशासनातील कामकाजाचे प्रशिक्षण देण्यात येत आहे. यातील काही विद्यार्थ्यांची निवड करून त्यांना वेगवेगळया कार्यालयात पाठविण्यात येते. युवा विद्यार्थ्यांमध्ये सरकार, प्रशासन आणि जनता यांच्यात कशा प्रकारे कार्य केले जाते याचा अनुभव यावा हा या योजनेचा हेतु आहे. या योजनेचा लाभ अधिकाधिक विद्यार्थ्यांनी घ्यावा असे आवाहनही जोशी यांनी केले.

दीप प्रज्ज्वलन करून कार्यक्रमाचे उदघाटन करण्यात आले. पाहुण्यांचे स्वागत वृक्ष आणि सूतमाळा देवून करण्यात आले. प्रास्ताविक राजेश लेहकपुरे यांनी केले. बी. एस. मिरगे यांची संचालन केले तर आभार डॉ. सुप्रिया पाठक यांनी मानले. यावेळी राष्ट्रीय सेवा योजनेचे स्वयंसेवक विद्यार्थी मोठया संख्येने हजर होते.